समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 18 August 2026

# दिल्ली यूनिवर्सिटी ओपन स्कूल मे एंडमिशन की नई प्रक्रिया शुरू, पहले ही दिन 4000+ छात्रों ने कराया रजिस्ट्रेशन।

Publisher
Published on 02 Jun 2025




## शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए DU SOL मे पंहली बार एडमिशन से पहले पंजीकरण प्रक्रिया शुरू, 10 जून तक रजिस्ट्रेशन का मौका।

**नई दिल्ली : दिल्ली यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (DU SOL)** में इस बार **शैक्षणिक सत्र 2025-26** के लिए दाखिला प्रक्रिया एक **नई और चरणबद्ध प्रणाली** के तहत शुरू की गई है। **1 जून 2025** को जैसे ही पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हुई, पहले ही दिन शाम 6 बजे तक 4468 छात्र-छात्राओं ने अपना रजिस्ट्रेशन पूरा कर लिया।

इस बार से SOL में **एडमिशन से पहले अनिवार्य रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया** लागू की गई है, जो **10 जून 2025** तक चलेगी।

**क्या बदला है इस बार की प्रक्रिया मे ?**
अब तक SOL में **पंजीकरण और दाखिला एक साथ** होता था, लेकिन इस बार से इन दोनों को अलग कर दिया गया है।
**एसओएल की निदेशक प्रो. पायल मागो** ने बताया कि—
"छात्र पहले ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर अपनी बेसिक जानकारी देंगे, इसके बाद उन्हें यूनिवर्सिटी की ओर से प्रॉस्पेक्टस और कोर्स गाइडलाइन मिल जाएगी। इससे छात्र पहले से तय कर सकेंगे कि उन्हें कौन-सा कोर्स चुनना है।"

**चार चरणों मे होंगी दाखिला प्रक्रिया**
इस बार की एडमिशन प्रक्रिया को छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए चार मुख्य चरणों में बांटा गया है:
१. **पंजीकरण (1 से 10 जून): छात्र वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करे।**

२. **एडेमिक बैकं ऑफ क्रेडिट (ABC) ID बनाना (5-10 जून): इससे छात्रों के क्रेडिट डिजिटल रूप से जुड़े रहेगें।**
३. **कोर्स योग्यता सुझाव : छात्रों को उनके मार्क्स के आधार पर यूनिवर्सिटी द्वारा उपयुक्त कोर्स की जानकारी दी जाएगी।**
४. **फाइनल दाखिला व दस्तावेज अपलोड : छात्र अंतिम कोर्स चुनकर आवेदन और जरूरी डॉक्यूमेट्ंस अपलोड करेगें।**

### 10 जून के बाद शुरू होगी मुख्य दाखिला प्रक्रिया

10 जून के बाद पंजीकरण प्रक्रिया बंद हो जाएगी और उसके बाद मुख्य दाखिला प्रक्रिया शुरू की जाएगी। दस्तावेजों के सत्यापन के लिए छात्रों को 3 दिन का समय दिया जाएगा, जिसमें वे अपने मूल दस्तावेजों के साथ रिपोर्ट करेंगे।

### 19 कोर्स मे मिलेगा दाखिला, B.A और B.Com सबसे लोकप्रिय

**DU SOL** के तहत इस वर्ष कुल **19 अंडरग्रेजुएट कोर्सेस** में दाखिला मिलेगा। इनमें सबसे ज्यादा **B.A, B.Com** और **BBA** जैसे कोर्सेस की मांग है। छात्रों को प्रवेश से पहले कोर्स गाइडलाइन उपलब्ध कराई जाएगी ताकि वे सूझबूझ के साथ निर्णय ले सकें।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.